	BURARI PUBLIC SCHOOL ... a venture with **UNIQUE**
	आवधिक परीक्षा– II (2026-27) **कक्षा – VI** **हिन्दी** **दिनांक________**

कुल अंक– 40

नाम: ________________________________अनुक्रमांक ____________हस्ताक्षर ______________

सामान्य निर्देश:

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं | प्रश्नों के अंक उनके सामने वर्णित हैं |
- प्रश्न पत्र चार भागों में विभाजित है - क, ख, ग और घ |
- खंड क- अपठित बोध (10), खंड ख- व्याकरण (11), खंड ग- साहित्य (12) और खंड घ- लेखन कौशल (7)
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए |
- **नोट**: नई शिक्षा नीति (NEP) के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस अवकाशकालीन गृहकार्य मूल्यांकन को खुली पुस्तक मूल्यांकन (OBT) के रूप में आयोजित किया जाएगा।

  छात्रों को गृहकार्य पूरा करते समय अपनी "पाठ्यपुस्तकों, नोटबुक और अन्य शिक्षण संसाधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य रटने के बजाय विचारों की समझ, अनुप्रयोग और अभिव्यक्ति पर है।

  छात्रों को अपने कार्य में ईमानदारी और मौलिकता बनाए रखने की सलाह दी जाती है।

खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न १ दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1X5=5)**

समय बहुत कीमती होता है । जो लोग समय का सही उपयोग करते हैं, वे जीवन में सफल होते हैं । समय कभी किसी के लिए रुकता नहीं है। बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता । अगर हम अपना समय व्यर्थ की बातों में नष्ट करते हैं, तो बाद में हमें पछताना पड़ता है। इसलिए हमें हर काम समय पर करना चाहिए । समय का सम्मान करने वाले व्यक्ति का सभी आदर करते हैं ।

1) **गद्यांश में कीमती किसे बताया गया है ?**
2) **जीवन में सफल कौन होता है ?**
3) **समय व्यर्थ करने पर क्या होता है ?**
4) **सभी किस का सम्मान करते हैं ?**
5) **'व्यर्थ' शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं ?**

प्रश्न २ दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1X5=5)**

सरसों के फूलों की माला,
केले के पत्तों की दुशाला,
है इसका परिवेश,
सब देखे खुशहाली का सपना,
त्योहारों का देश है अपना ।
हिंदू - मुसलमान की टोली,
मिलकर मनाएं ईद - होली,

1) हिंदू - मुसलमान मिलकर क्या मनाते हैं ?

क) ईद - होली ख) दिवाली - क्रिसमस ग) तीज - राखी घ) जन्माष्टमी -बैसाखी

2) इस काव्यांश के अनुसार भारत कैसा देश है ?

क) साधारण सा ख) त्योहारों का ग) बदहाली का घ) केवल हिंदुओं का

3) 'खुशहाली' शब्द का सही अर्थ चुनकर लिखिए |

क) उदासी ख) समृद्धि ग) निराशा घ) उत्सव

4) फूल शब्द का पर्यायवाची चुनिए ।

क) पुष्प ख) नृप ग) मयंक घ) शशि

5) सब किसका सपना देखते हैं ?

क) बदहाली का ख) खुशहाली का ग) दरिद्रता का घ) विपन्नता का

खंड - ख (व्याकरण)

प्रश्न ३ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

1) उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है ?
2) समास को परिभाषित कीजिए ।
3) बहुव्रीहि समास के कोई दो उदाहरण लिखिए ।
4) 'दान' प्रत्यय लगाकर दो शब्द लिखिए ।
5) 'स्व' उपसर्ग लगा कर दो शब्द लिखिए ।

प्रश्न ४ निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची लिखिए- **(0.5×4=2)**

1) पहाड़ 3) कपड़ा
2) आकाश 4) पक्षी

प्रश्न ५ रिक्त स्थान भरिए- **(1×2=2)**

1) दिन में उजाला होता है और रात में ________ ।

2) हमें दूसरों के गुण देखने चाहिए न कि _______ ।

प्रश्न ६ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- **(1×2=2)**

1) सप्ताह में एक बार होने वाला ।

2) जो विज्ञान का ज्ञाता हो ।

खंड - ग (साहित्य)

प्रश्न ७ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(2×3=6)**

1) रवि घर के काम क्यों नहीं करता था ?

2) फीस की बात सुन कर लेखक को दुख के बदले खुशी क्यों हुई ?

3) लेखक का पहला दिन बेकार क्यों गया ?

प्रश्न ८ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(3×2=6)**

1) लड़के और लड़की के कामों के बारे में उमा की माँ के क्या विचार थे ?

2) साइकिल चलाना सीखने के लिए लेखक ने क्या क्या तैयारियाँ कीं ?

खंड- घ (लेखन कौशल)

प्रश्न ९ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 - 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - **(3)**

स्वास्थ्य ही धन है

अथवा

वर्षा का आनंद

प्रश्न १० आपको मामा जी की शादी में जाना है। प्रधानाचार्या जी को चार दिन के अवकाश हेतु **(4)**

प्रार्थना पत्र लिखिए।